दिनांक 22/2/05

सेवा में

श्री मान कारखाना प्रबन्धक
मै० फैशन एक्सप्रैस
प्लाट नं० 100, उद्योग विहार
फेस-1 गुड़गाव ।

विषय :- सेवा शर्तों में गैरकानूनी व मनमानी तबदीली का प्रयास

श्रीमान जी,

प्रार्थी सादर व विनम्र निवेदन करता है :-

1. यह कि प्रार्थी आपकी संस्थान में दि० 1.1.1991 से भर्ती होकर निम्न प्रकार से कार्य करता आ रहा है :-

(i) नियुक्ति की तिथी अर्थात ~~1.1.1991~~ 1.1.1991 से प्रार्थी को बतौर टेलर्ज मास्टर भर्ती किया गया था और लगभग 6 मास तक प्रार्थी बतौर टेलर्ज मास्टर कार्यरत रहा।

(ii) उपरोक्त अवधि के बाद संस्थान के प्रबन्धको ने प्रार्थी के कार्यकलाप से सन्तुष्ट होकर प्रार्थी को Asstt. Master बना दिया जो कि लगभग 9 साल तक जारी रहा ।

(iii) यह कि प्रार्थी के उपरोक्त कार्यदक्षता, अनुभव और कार्यकलाप से खुश होकर प्रबन्धको ने प्रार्थी को लाईन सुपरवाईजर (मास्टर) बना दिया गया और इस कार्य को भी प्रार्थी ने पूरी जिम्मेवारी से लगभग $2\frac{1}{2}$ वर्ष सम्भाले रखा।

(iv) यह कि उपरोक्त जिम्मेवारी को सफलतापूर्वक प्रार्थी द्वारा निभाए जाने के बाद प्रबन्धको ने पुनः प्रार्थी को तरक्की देते हुए Field Supervisor बना दिया और

--- Cont. 2

प्रार्थी से फील्ड मे multipul duties कराई जाने लगी- जिनको भी प्रार्थी ने पूरी जिम्मेवारी से निभाया और अभी तक फील्ड में प्रार्थी द्वारा किए किसी भी कार्य से किसी प्रकार भी शिकायत सामने नहीं आई।

(2) यह कि प्रार्थी ने नियुक्ति कि तिथी से अब तक संस्थान के कार्यकलापो मे पूरी दिलचस्पी, लगन, निष्ठा व मेहनत से कार्य किया है और इन्हीं कारणो से प्रबन्धको ने प्रार्थी को बतौर टेलर्ज भर्ती करके फील्ड सुपरवाईजर बनाया तथा समय-२ पर प्रार्थी के वेतन वृद्धिया भी जाती रही।

③ यह कि अब ना जाने किन कारणो से प्रबन्धको ने अचानक और अप्रत्यासित रूप से प्रार्थी की सेवा शर्तो मे मनमानी तब्दीली करते हुए प्रार्थी को मौखिक तौर पर टेलर्ज का कार्य करने को कहा गया- जो कि प्रार्थी पर लागू सेवा शर्तो में प्रार्थी के हितो के प्रतिकूल तबदीली करने का कृत्य होने के कारण गैरकानूनी तथा अनुचित श्रम व्यहार है- क्योकि प्रार्थी से Degraded Position मे कार्य नही कराया जा सकता और वैसे भी

औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 9 A के अन्तर्गत 21 दिन का नोटिस दिए बिना प्रार्थी पर लागू सेवा शर्तों में किसी प्रकार की तबदीली प्रभावी नहीं की जा सकती।

(5) यह कि प्रार्थी ने जिस लगन, निष्ठा व ईमानदारी का परिचय देकर कम्पनी के हितों के अनुकूल कार्य करते हुए तरक्की प्राप्त की है- इसे प्रबन्धक बिना किसी उचित कारण ~~के~~ प्रार्थी से नहीं छिन सकते।

उपरोक्त तथ्यो और विवरण के आधार पर प्रार्थी विनम्र निवेदन करता है कि प्रार्थी पर लम्बे ~~समय~~ समय से लागू सेवा शर्तो में मनमानी तथा गैरकानूनी तबदीली ना की जावे और प्रार्थी को यथापूर्व शान्तिपूर्ण ढंग से काम करने दिया जावे। आपकी अति कृपा होगी।

प्रार्थी सतबीर सिंह

(सतबीर सिंह)
पुत्र श्री गंगाराम
कार्ड न० 0159